दिन–बुधवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 24 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 05 मिनट

संसद के दोनों सदनों में आज विपक्षी दलों ने बजट में कुछ एनडीए शासित राज्यों को प्रमुखता दिये जाने का आरोप लगाते हुये हंगामा किया। हंगामें और शोर–शराबे के कारण राज्यसभा और लोकसभा की कार्यवाही बाधित हुई है। लोकसभा में आज इस मुद्दे पर विपक्षी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट किया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, डीएमके, तृणमूल कांग्रेस समेत अन्य दलों के सदस्यों ने आंध्रप्रदेश और बिहार के अतिरिक्त अन्य राज्यों के साथ कथित रूप से भेदभाव बरतने पर विरोध प्रदर्शन किया। अध्यक्ष ओम बिडला ने हस्तक्षेप कर कार्यवाही को सुचारू रूप से चलाने का प्रयास किया। संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने भी विपक्षी सदस्यों के व्यवहार पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल के दौरान विरोध प्रदर्शन सही नहीं है। इधर, राज्यसभा में भी विपक्षी सदस्यों ने इसी मुद्दे पर प्रदर्शन किया। शून्यकाल में केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि आम बजट में कुछ राज्यों के साथ भेदभाव बरतने का आरोप गलत है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि किसी भी बजट में हर राज्य का नाम नहीं लिया जा सकता। श्रीमती सीतारामन ने कहा कि बजटीय घोषणाओं से सभी राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों को समान रूप से लाभ पहुंचेगा।

———————————————————

बिहार विधानमंडल के मॉनसून सत्र के तीसरे दिन आज आरक्षण, सिंचाई और बिहार को विशेष राज्य के दर्जे के मुद्दे को लेकर विपक्षी सदस्यों ने दोनों सदनों में जमकर हंगामा किया। राजद, कांग्रेस, सीपीआईएमएल सदस्यों के विरोध प्रदर्शन के बीच विधानसभा की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी। आज सदन की कार्यवाही शुरू होते ही आरक्षण के मुद्दे पर सरकार से जवाब की मांग करते हुये विपक्षी सदस्य सदन के बीचोबीच आ गये। सदस्य तख्तियां और पोस्टर लेकर नारेबाजी कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सदस्यों से शांत होकर अपनी जगह जाने की अपील की, जिसका हंगामा कर रहे सदस्यों पर कोई असर नहीं हुआ। हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गयी। इधर, विधानपरिषद में भी विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण विधायी कार्य निपटाने में लगातार बाधा उत्पन्न होती रही।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को विशेष पैकेज दिये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। विधानसभा में आज विपक्षी सदस्यों के हंगामे के बीच मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और राजद के विधायक हाय–हाय कर रहे हैं। इन्हें इसके अलावा कुछ आता नहीं। श्री कुमार ने विपक्ष पर विशेष राज्य के दर्जे के मुद्दे लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राजद केंद्र में यूपीए सरकार में शामिल था, तब विशेष राज्य का दर्जा क्यों नहीं दिया गया। श्री कुमार ने कहा कि आरक्षण का दायरा बढ़ाने के लिए भी हमारी पार्टी सुप्रीम कोर्ट तक गयी।

———————————————————

राज्य की प्रतियोगिता परीक्षाओं में प्रश्न पत्र लीक और गड़बड़ियों को रोकने के लिए विधानसभा ने बिहार लोक परीक्षा, अनुचित साधन निवारण विधेयक दो हजार चौबीस को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। विधेयक में पेपर लीक और परीक्षा में गड़बड़ी से संबंधित अपराधों को गैर–जमानतीय बनाया गया है। इस विधेयक में दोषी पाये जाने पर गंभीर अपराध के मामलों में तीन से दस साल के कारावास की सजा और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माना का प्रावधान है। इस विधेयक में कदाचार में लिप्त अभ्यर्थियों के खिलाफ भी कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी पाये जाने पर अभ्यर्थियों को पांच से दस साल की सजा तथा दस लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इससे पूर्व ये विधेयक संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी ने सदन के पटल पर पेश किया।

———————————————————

नेपाल में, काठमांडू के त्रिभुवन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के दौरान आज नेपाली एयरलाइंस का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इसमें अठारह लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार विमान मरम्मत कार्य के लिए उन्नीस कर्मचारियों और तकनीशियनों को लेकर पोखरा जा रहा था। चालक दल के सदस्यों में से एक व्यक्ति को बचा लिया गया है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।